# 12वीं की परीक्षा शुरू, पहले दिन 24 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**खास बातें**

- सभी केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी, 5 केंद्रों पर जैमर भी लगाए
- सिरोंज विकासखंड में पहले दिन नहीं बना कोई नकल प्रकरण



नवभारत न्यूज

**10 फरवरी सिरोंज, विकासखंड में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में पहले दिन मंगलवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. जबकि सिरोंज विकासखंड में पहले दिन परीक्षा में कोई नकल प्रकरण नहीं बना है. इस दौरान प्रशासन की परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रही. सिरोंज विकासखंड के सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी रही. जबकि 5 परीक्षा केंद्रों पर जैमर भी लगाये गये.**

बीईओ उमेश सोनी से मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज विकासखंड में मंगलवार से हायर सेकेंड्री की परीक्षा शुरू हुई. सिरोंज विकासखंड के 10 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन मंगलवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई. जिसमें सिरोंज विकासखंड में दर्ज 1246 परीक्षार्थियों में से पहले दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 1222 परीक्षार्थी उपस्थित रहे. जबकि 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. जिसमें शासकीय कन्या उमावि स्कूल पर पहले दिन सर्वाधिक 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. शासकीय कन्या उमावि सिरोंज स्वाध्यायी छात्रों का परीक्षा केंद्र है. वही विकासखंड में पहले दिन कोई नकल प्रकरण नहीं बना.

### 13 फरवरी से शुरू होगी हाई स्कूल की परीक्षा

बीईओ उमेश सोनी ने बताया कि 13 फरवरी से 10 वीं बोर्ड की परीक्षा की शुरुआत होगी. 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में पहले दिन शुक्रवार को उर्दू विषय की परीक्षा होगी. जबकि 13 फरवरी को ही 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र आदि की परीक्षा होंगी.

### 10 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा

बीईओ उमेश सोनी ने बताया कि सिरोंज विकासखंड में हायर सेकेंडरी की परीक्षा 10 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई. जिनमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज, सांदीपनि स्कूल सिरोंज, सरस्वती शिशु मंदिर सिरोंज, श्रीमती गंगा बाई स्कूल सिरोंज, शुभ लाभ स्कूल सिरोंज, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीपनाखेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगवंतपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुगलसराय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरेंठा एवं नवांकुर पथरिया परीक्षा केंद्र शामिल है. शासकीय कन्या उमावि स्कूल को अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र घोषित किया गया है. उन्होंने बताया कि सिरोंज विकासखंड में हाई स्कूल की परीक्षाओं के लिए इन केंद्रों के अतिरिक्त एक अन्य केंद्र भी बनाया गया है.

### परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी

बीईओ उमेश सोनी ने बताया कि हायर सेकेंडरी की परीक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा सख्त निगरानी एवं चाक चौबंद व्यवस्थाएं रखी गई. सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी रही. जबकि 5 परीक्षा केंद्रों पर जैमर भी लगाये गये. जिससे एक परीक्षा केंद्र के आसपास मोबाइल आदि बंद रहे. उन्होंने बताया कि क्षेत्र में तहसीलदार एवं बीईओ के नेतृत्व में दो फ्लाइंग स्कॉड भी बनाई गई. जिनके द्वारा क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण किया गया. उन्होंने बताया कि थाने में पेटी में से प्रश्न पत्र निकलवाने से लेकर परीक्षा केन्द्र तक सुरक्षित पहुंचाने तक कलेक्टर प्रतिनिधि मौजूद रहे. वही कलेक्टर प्रतिनिधि परीक्षा केंद्र पर भी एक घंटे तक रहे.

# राहत राशि और फसल बीमा मिले शीघ्र

**किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

नवभारत न्यूज

**लटेरी 10 फरवरी. भारतीय किसान संघ ने किसानों के हित में मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम नितिन जैन को ज्ञापन सौंपा. किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से फसल नुकसान की राहत राशि शीघ्र देने एवं फसल बीमा शीघ्र प्रदान करने की अपील की है. मंगलबार को सेंकड़ों की संख्या में किसान लटेरी पहुँचे.**

क्षेत्र के अनेक गाँवों से पहुंचे किसान नगर के सिरोंज चौराह पर एकत्रित हुए. तत्पश्चात रैली के रूप में सैकड़ो किसान तहसील प्रांगण पहुंचे.किसान रैली में ढपले बजाए जा रहे थे जो सरकार को जगाने का कार्य कर रहे थे साथ ही सरकार की वादा खिलाफ़ी के नारे लगाए जा रहे थे.जिसमें मुख्य रूप से वादा किया है वादा निभाओ, 2700 में गेहूं तुलाओ की बात की जा रही थी.

किसानों ने समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीद 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करने की भी मांग रखी. साथ ही लटेरी क्षेत्र के किसानों के लिए बड़े बांधों से नहर की सुविधा उपलब्ध कराने किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा. ज्ञापन के दौरान सेंकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे ज्ञापन भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में दिया गया है.इस अवसर पर किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, मध्य भारत प्रांत मंत्री दिनेश दुबे,जिला अध्यक्ष प्रशांत जैन, तहसील प्रभारी मनोहर सिंह राजपूत , जिला युवा वाहिनी संयोजक चरण सिंह राजपूत ,जिला सहजैविक प्रमुख लखन सिंह,तहसील अध्यक्ष चंद्रभान सिंह बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

**एक नजर में**

### दुख जब आते हैं तो हमारे पाप कटते हैं- तरुण महाराज

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** त्योंदा रोड स्थित सरस्वती नगर में चल रही संगीतमय भागवत कथा के तीसरे दिवस में व्यास गादी से कथा वाचक पंडित तरुण महाराज ने भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए कहते हैं कि दुख जब आते हैं तो हमारे पाप काटते हैं और जीवन में जब सुख आते हैं तो हमारे पुण्य नष्ट होते हैं.पंडित तरुण महाराज ने बताया कि जीवन का कोई भरोसा नहीं है, इसलिए भक्ति बचपन से ही करना चाहिए.जैसे ध्रुव ने पांच वर्ष की अवस्था में भक्ति प्राप्त की, आगे जब भरत जी ने कथा श्रवण करते हुए, कहा जब भरत चक्रवर्ती सम्राट थे, लेकिन उन्होंने पिता के पद चिन्हों पर चलकर बैरागी धारण किया और अपने भाई भगवान श्रीराम के चरण पादुकाओं को सिंहासन पर रखकर राज्य का निर्वहन किया. इसी तरह हम मनुष्य को भी बचपन से ही भक्ति भाव से पूजा अर्चन करनी चाहिए.इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने कथा स्थल पर मौजूद रहकर कथा का श्रवण किया.

### गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन नीति के अंतर्गत किसान पंजीयन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु जिले के समिति प्रबंधकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार 2 बजे अर्श पैलेस 11 फरवरी को आयोजित किया गया है. जिसमें संबंधित उपार्जन संस्थाओं के प्रबंधकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों को उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं.

# जय स्तंभ चौक बना राजनीति का अखाड़ा

**खास बातें**

- प्रतिमाओं पर रस्सी बांध लगाते बैनर
- सड़क किनारे अतिक्रमण भी बना मुसीबत



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, नगर का जय स्तंभ चौक राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है.विदेश में किसी भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या होती है तो राजनीतिक दलों के नेता वहां के राष्ट्रपति का पुतला इसी चौक पर जलाते हैं.अस्पताल में किसी की मौत हो जाए तो इसी चौक पर मुर्दे को रखकर नारेबाजी की जाती है.धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल इसी चौक पर की जाती है.**

आम सभा का आयोजन भी इसी चौराहे पर किया जाता है.इसके पीछे कारण यह होते हैं की इसी चौराहे से पूरा शहर चारों तरफ का जुड़ता है बगैर बुलाए भीड़ जोड़ जाती है.वाहनों की लाइन लग जाती है क्योंकि दूसरा निकलने रास्ता नहीं है.कहीं जाना हो निकलना तो यही से पड़ेगा इस चौक पर यातायात पुलिस चौकी भी है थाना भी है तहसील भी लगी हुई है.यही सब कारण बनते हैं यहां कार्यक्रम सफल होने के कई बार यह चौक टूट फूट चुका है.यहां सड़क किनारे लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है इससे रोजाना दुर्घटनाएं होती है.नगर पालिका परिषद द्वारा कई बार ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से दुकानदारों को चेतावनी भी दी गई.परंतु अमल नहीं होता इसके पीछे नगर पालिका के कर्मचारियों का हाथ रहता है उनकी खूब कमाई होती है.

जय स्तंभ चौक पर पोस्टर बैनर लगे रहते हैं.राजनीतिक दलों के डंडे में झंडे गाड़े जाते हैं.नेहरू चौक पर तो उनकी प्रतिमा के गले में रस्सी बांधकर होर्डिंग झंडा फहराये जाते हैं.एक तरफ इन महापुरुषों को याद किया जाता है.उनके नाम से वोट मांगे जाते हैं दूसरी तरफ यह सब किया जाता है.शराब पीकर वाहन दौड़ाए जाते हैं इस व्यस्त चौराहे से रेलवे स्टेशन तक नेहरू चौक, सुभाष चौक को भी कई बार नशाखोरी करने वाले वाहन चालक क्षतिग्रस्त कर चुके हैं. यहां सीसीटीवी कैमरा भी लगे हैं.परंतु उन्हें खंगाला नहीं जाता.कभी वाहन चालकों पर कार्यवाही नहीं की जाती.प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ सीसीटीवी कैमरा बंद् भी पड़े हैं.उन्हें दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है व्यापार महासंघ द्वारा भी सीसीटीवी कैमरा मुख्य मार्ग पर लगवाए गए थे उनका आता-पता नहीं है.

### मंडी के पास चौकी की आवश्यकता

लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस चौकी बंद की जावे. जय स्तंभ चौक के निकट सिटी थाना है फिर यहां चौकी का कोई मतलब नहीं है.यह चौकी बरेठ रोड कृषि उपज मंडी के सामने खोली जाए. इससे व्यापारी सुरक्षित रहेंगे बदमाशों का आना जाना बंद हो जाएगा मंडी के अंदर चोरियां रुकेगी.पुलिस को कभी कभार आम जनता से चर्चा करना चाहिए और व्यवस्था को लेकर जनहित में निर्णय लेना चाहिए जन् प्रतिनिधि भी इस और ध्यान दें.

### तिवारी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** जीवन वैभव पत्रिका के 40 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कैरियर कॉलेज सभागार में पत्रिका के संपादक एवं देश के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ. हेमचंद पांडे द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में देश-विदेश से पधारे 200 से अधिक ज्योतिष के विद्वानों ने शिरकत की.इस ऐतिहासिक अवसर पर अखिल भारतीय ज्योतिष महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनीत तिवारी को ज्योतिष जगत में उनके उल्लेखनीय एवं असाधारण योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया.यह पुरस्कार उनके अथक परिश्रम, ज्ञान-प्रसार, ज्योतिष के माध्यम से समाज सेवा तथा ज्योतिष जगत में दिए गए योगदान की जीती-जागती मिसाल है.मुख्य अतिथि पंडित के. ए. दुबे.पद्मेश एवं अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ के अध्यक्ष एवं फ्यूचर समाचार के संपादक डॉ. अरुण बंसल के द्वारा डॉ. विनीत तिवारी को शाल ओढ़ाकर, प्रमाण पत्र प्रदान कर और लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया.

# कॅरियर मेला में विद्यार्थियों को वितरित कीं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा में शासन के निर्देशानुसार करियर सप्ताह का समापन करियर मेला से किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट नरेंद्र व्यास, युवा पत्रकार नरेश मीणा, सहायक प्राध्यापक डॉ मनीष दुबे, डॉक्टर नीलेश गुर्जर, कसीमीर खाखा प्रबंधक इंडियन बैंक, दीपक उपाध्याय प्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ौदा, अंशुल गर्ग सब पोस्टमास्टर, बंसल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक हरि नारायण साहू, प्रदीप वर्मा, राजस्व निरीक्षक शैलेश गायकवाड, व प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया.**

छात्र संघ पदाधिकारियों ने अतिथियों का रोली अक्षत से स्वागत किया. प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने करियर सप्ताह में आयोजित विभिन्न गतिविधियों से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया.इस अवसर पर वक्ताओं ने उपस्थित विद्यार्थियों को नीट, जेईई, पुलिस कांस्टेबल, अग्निवीर, नर्सिंग,एसएससी, एनडीए, डाक सेवक, आरआरबी, आईआईटी, बैंक क्लर्क व प्रोबेशनरी ऑफिसर, क्लैट, सीयूईटी, शिक्षक, सहायक प्राध्यापक, लोक सेवा आयोग, रक्षा सेवा,सहित खेल, पत्रकारिता, पटवारी, उन्नत कृषक, उद्यानिकी, दूध डेयरी तथा स्वरोजगार से व्यवसाई बनने संबंधी जानकारियों से अवगत कराया. विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया. करियर मेले के समापन पर विद्यालय के कक्षा 12 के चयनित 15 विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारीयों से संबंधित पुस्तके भेंट की गई. कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों ने इन पुस्तकों को विद्यालय की लाइब्रेरी में जमा किया, जिससे आने वाले कक्षाओं के विद्यार्थी भी इन पुस्तकों का उपयोग अपनी तैयारियों के लिए कर सके. वक्ताओं ने सभी विद्यार्थियों से अपनी क्षमता का आंकलन करने,अपनी रुचि अनुसार भविष्य की चुनौतियों का सामना कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के टिप्स दिए.पहले अपनी अध्यनरत कक्षा का पाठ्यक्रम पूर्ण करने फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की सलाह दी. सभी ने विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या व्यवस्थित करने, समय का उचित प्रबंधन करने, तनाव रहित रहते हुए परीक्षाओं की तैयारी करने का आवाहन किया. सभी अतिथियों को प्राचार्य अभय कुमार शर्मा व स्टाफ सदस्यों ने गुफा शिव मंदिर की प्रतिकृति भेंट की.कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक योगेश चतुर्वेदी ने किया.अंत में विनोद मिश्रा ने आभार व्यक्त किया.इस अवसर पर धनसिंह कुशवाह, शिक्षक दिलीप पाल, अभिषेक आनंद, नरेंद्र परिहार, देवेंद्र दिवाकर, कीर्ति राजपूत, सहित स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे.

# जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन संस्था करेगी एसपी का सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** एसपी रोहित केशवानी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने विगत दिनों विदिशा स्टेशन पर एक तीन साल की नाबालिग बिटिया को 48 घंटे से पहले ही बरामद कर चार अन्य बच्चों को मानव तस्करी से बचाया था. उक्त कार्यप्रणाली को देखते हुए राष्ट्रीय जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन संगठन ने विदिशा पुलिस प्रशासन के कप्तान श्री केशवानी को सम्मानित करने का निर्णय लिया है. यह कार्यक्रम 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा.

# किसानों को बताए आधुनिक खेती के गुर

नवभारत न्यूज

**पठारी,खेती को लाभ का धंधा बनाने से लेकर आम लोगों से जुड़े हर विभाग के द्वारा कृषि विभाग के नेतृत्व में कृषि रथ का आयोजन ग्राम पंचायत पठारी पर किया गया। किसानो को नरवाई जलाने से रोकने से लेकर उन्नत खेती किसानी के बारे में विस्तार से समझाया गया. कृषि विभाग के अधिकारी कृषि वैज्ञानिक, पशु चिकित्सा अधिकारी, उद्यान विस्तार अधिकारी, पटवारी, मत्स्य पालन, जल संसाधन, मंडी सचिव, वन क्षेत्रपाल, बीटीएम, एटीएम, सेवा सहकारी समिति, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाडी कार्यकर्ता,आशा कार्यकर्ता आदि की मौजूदगी में कृषि रथ निकाला गया।**

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी देशराज सिंह ठाकुर पल्लव साहनी विकास रघुवंशी राजकुमार यादव सचिव गोविंद सिंह राजपूत जीआरएस मुकेश जैन सहित किसान एवं विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे.



खेती को लाभ का धंधा बनाने से लेकर आम लोगों से जुड़े हर विभाग के द्वारा कृषि विभाग के नेतृत्व में कृषि रथ का आयोजन ग्राम पंचायत पठारी पर किया गया. किसानों को नरवाई जलाने से रोकने से लेकर उन्नत खेती किसानी के बारे में विस्तार से समझाया गया. कृषि विभाग के अधिकारी कृषि वैज्ञानिक, पशु चिकित्सा अधिकारी, उद्यान विस्तार अधिकारी, पटवारी, मत्स्य पालन, जल संसाधन, मंडी सचिव, वन क्षेत्रपाल, बीटीएम, एटीएम, सेवा सहकारी समिति, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाडी कार्यकर्ता,आशा कार्यकर्ता आदि की मौजूदगी में कृषि रथ निकाला गया.

# विधायक ने सामुदायिक भवन का किया भूमि पूजन

नवभारत न्यूज.

**नटेरन, क्षेत्र में विकास की सौगात देते हुए विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने मंगलवार को 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया.इस दौरान विधायक मीणा ने कहा कि सामुदायिक भवन से ग्रामीण फायदा होगा.**

यह भवन विवाह, सामाजिक कार्यक्रम, बैठकों एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए स्थायी सुविधा प्रदान करेगा. उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ा विकास ही उनकी राजनीति का मूल मंत्र है और क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विधायक का स्वागत किया. इसके लिए पूर्व सरपंच बीर सिंह रघुवंशी ने आभार जताया. कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी , मोहर सिंह रघुवंशी शैलेंद्र ठाकुर, दिनेश श्रीवास्तव, अरुण रघुवंशी, आदि मौजूद रहे.



**लापरवाही** विश्व धरोहर स्थल पर खुलेआम बिक रही संदिग्ध खाद्य सामग्री, जांच और कार्रवाई नदारद

# खाद्य विभाग की उदासीनता, सांची में परोसा अशुद्ध खाना, सेहत से खिलवाड़

नवभारत न्यूज

**सांची, नगर में जहां प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं, वहीं यहां मिलने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं.होटल, ठेले और दुकानों पर खुलेआम बिक रहे खाद्य पदार्थों की न तो नियमित जांच हो रही है और न ही खाद्य विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है.**

जानकारी के अनुसार, सांची की अंतरराष्ट्रीय पहचान और पर्यटकों की निरंतर आवाजाही के बावजूद खाद्य सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार विभाग पूरी तरह बेफिक्र नजर आ रहे हैं. खुले में रखी जाने वाली खाद्य सामग्री की न स्वच्छता पर ध्यान दिया जा रहा है और न ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि परोसा जा रहा भोजन स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित है या नहीं.



स्थानीय लोगों का कहना है कि खाद्य विभाग का अमला कभी-कभार औपचारिक रूप से क्षेत्र में पहुंचता जरूर है, लेकिन जांच या कार्रवाई के नाम पर ठोस परिणाम सामने नहीं आते.यही कारण है कि वर्षों में शायद ही कभी प्रदूषित खाद्य सामग्री बेचने वालों पर कोई प्रकरण दर्ज हुआ हो.इस लापरवाही का सीधा असर आम नागरिकों और पर्यटकों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है.चिंता की बात यह भी है कि इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है.

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस मामले में रामलाल कुश्वाह सीएमओ सांची का कहना है कि हम खाद्य विभाग के साथ जहाँ जहां भी प्रदूषित खाद्य सामग्री पाई जायेगी. नियमानुसार कार्यवाही करेंगे.वहीं रवि राठौर बीएम ओ सांची का कहना है कि यह कार्यवाही खाद्य विभाग को करना होती हैं तथा इसकी जांच कर जिलास्वास्थ्य अधिकारी को भेजी जाती हैं इसके बाद

### जमीनी स्तर पर आदेश हुए हवा

खुलेआम बिक रही अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री पर न तो निगरानी है और न ही रोक-टोक.जबकि कलेक्टर द्वारा समय-समय पर जिलेभर में मिलावटी एवं प्रदूषित खाद्य पदार्थों पर कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए जाते रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों का असर सांची में दिखाई नहीं देता.प्रश्न यह है कि क्या विश्व धरोहर स्थल की गरिमा केवल कागजों तक सीमित रह गई है और क्या आमजन व पर्यटकों का स्वास्थ्य प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ता रहेगा?जब तक जिम्मेदार विभाग जागेंगे नहीं, तब तक सांची में इतिहास के साथ-साथ सेहत भी खतरे में बनी रहेगी.

# पाठक संघ ने मनाया जन्मदिन एवं पुण्यतिथि

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में कवि प्रदीप का जन्मदिन एवं महान गायिका लता मंगेशकर की पुण्यतिथि मनाई गई.इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन संघ के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया वरिष्ठ समाज से वी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कवि प्रदीप का जन्म 6 फरवरी 1915 में हुआ था वह हिंदी फिल्मों के महान गीतकार और कवि थे जो मुख्य रूप से देशभक्ति गीतों के लिए जाने जाते थे.**

उन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया वहीं लता मंगेशकर का जन्म 28 सितम्बर 1929 को इंदौर रियासत सेंट्रल इंडिया वर्तमान मध्य प्रदेश में हुआ था. लता मंगेशकर महान गायिका बॉलीवुड की कोकिला और सबसे प्रिय आवाज भारत की महान गायिका लता मंगेशकर का 92 वर्ष की आयु में 6 फरवरी 2025 को मुंबई में निधन हो गया उन्होंने अपने जीवन काल में 40000 से अधिक गाने गए उन्हें भारत रत्न भारत रत्न, पद्म विभूषण और दादा साहब फाल्के पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए वर्ष 1974 में गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में मंगेशकर को मानव इतिहास में सबसे अधिक गाने रिकॉर्ड करने वाली कलाकार घोषित किया गया. इस अवसर पर सतीश शिल्पकार लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोड़ा कैलाश नेमा सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे.

शुभ हो आपकी हर सुबह, हर दिन, और पूरा जीवन...

विकास पचौरी रेडियो

84 35 250 250

मोबाइल के प्ले स्टोर / एप स्टोर पर

Vikas Pachori Radio

टाइप करके इंस्टॉल कीजिए और लगातार 24 घण्टे आनंद लीजिए.

एन्ड्रॉयड आई फोन